गोरखपुर से प्रकाशित

Title Code: UPBIL05289

# स्वदेशी इनक्रेडिबल

द्विभाषी (साप्ताहिक)

वर्ष–1 अंक–32 | गोरखपुर, रविवार 28 जनवरी 2024 | पृष्ठ–8 | मूल्य–2 रूपया

## सीएम योगी लांच करेंगे कालेसर में आवासीय योजना, फरवरी में इस तारीख को होगा गोरखपुर का दौरा

गोरखपुर। औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) की ओर से कालेसर में आवासीय योजना लांच करने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इसको लेकर लोग लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। गीडा की सीईओ अनुज मलिक ने बताया कि फरवरी के पहले सप्ताह में मुख्यमंत्री के हाथों कालेसर में आवासीय योजना लांच की जाएगी। एक से तीन फरवरी के बीच कार्यक्रम हो सकता है।

इसके साथ ही १०० करोड़ रुपये लागत की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी होगा। एसडी इंटरनेशनल की ओर से लगभग २५० करोड़ रुपये का निवेश किया जाना है। कंपनी की औद्योगिक इकाई के लिए मुख्यमंत्री द्वारा उसी दिन भूमि पूजन भी किया जाएगा।



गीडा की ओर से लंबे समय बाद आवासीय योजना लांच की जा रही है। कालेसर से जगदीशपुर फोरलेन बाईपास पर कालेसर में विकसित होने वाली इस योजना में विभिन्न आकार के लगभग ३२० से अधिक भूखंड होंगे। योजना लांच होने के बाद इसके लिए आवेदन भी आमंत्रित किए जाएंगे।

सीएम के हाथों लांच होगी योजना

बता दें कि इसको लेकर लोग लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। गीडा की सीईओ अनुज मलिक ने बताया कि फरवरी के पहले सप्ताह में मुख्यमंत्री के हाथों कालेसर में आवासीय योजना लांच की जाएगी।

## स्वार्थ के तूफान में ताश के पत्तों की तरह बिखर रहा है बेमेल विपक्षी गठबंधन: नन्दी

लखनर्)संवाददाता= औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नन्दी ने एक बार फिर विपक्षी गठबंधन पर तगड़ा हमला बोला हैं उन्होंने कहा कि एक कहावत है कि– कहीं का ईंट कहीं का रोड़ा भानुमती ने कुनबा जोड़ां ठीक उसी तरह मोदी हटाओ के नकारात्मक नारे पर एक बेमेल कुनबा तो खड़ा हो गया लेकिन स्वार्थ के तूफान में ताश के प¬ों की तरह बिखर भी रहा हैं उन्होंने कहा कि ध्ाानमंत्री नरेंप्र मोदी पर जनता का विश्वास और भरोसा लोकसभा चुनाव में विपक्ष के ध्चंड पराजय की गारंटी हैं मंत्री नंदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा पश्चिम बंगाल और आम आदमी पार्टी द्वारा पंजाब में अकेले चुनाव मैदान में उतरने के ऐलान ने विपक्षी एकजुटता के खोखले दावे ही हवा निकाल दी हैं उधर, जनता दल )यूनाइटेड= ने भी बिहार में राहुल गांध्ाी की न्याय यात्रा से किनारा कर लिया हैं न्याय यात्रा को लेकर ममता बनर्जी भी कांग्रेस पर निशाना साध चुकी हैं उन्होंने कहा किघमंडिया गठबंधन में शामिल दल अपने–अपने स्वार्थ के चलते अलग–अलग राग अलाप रहे हैं इससे स्पष्ट हो गया है कि विपक्षी गठबंधन की न कोई नीति है और न कोई सिद्धांत घमंडिया गठबंधन केवल स्वार्थ की बुनियाद खड़ा था जो अब पूरी तरह से बिखर गया हैं मंत्री नन्दी ने आगे कहा कि ध्ाानमंत्री जी की गारण्टी पर देश की जनता को अटूट विश्वास और अगाध भरोसा हैं यह जनविश्वास और भरोसा ही लोकसभा चुनाव में विपक्ष के ध्चंड पराजय की गारंटी हैं ध्ाानमंत्री जी के नेतृत्व में सश०, सक्षम, समृद्ध और खुशहाल भारत की यात्रा निर्बाध आगे बढ़ती रहेगीं जनसेवा, गरीब कल्याण और सांस्द्वतिक उत्थान के इस रथ के मार्ग में आने वाली हर बाधा स्वयं ही नष्ट हो जाएगीं



## राजस्थान पहुंचे फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों, जयपुर में पीएम मोदी संग करेंगे रोड शो

जयपुर (एजेन्सी)। फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों गुरूवार दोपहर जयपुर पहुंचे जहां वह आमेर के किले जैसे ऐतिहासिक स्थलों को



देखने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ रोड शो में शामिल होंगे। शाम को दोनों नेता भारतेंफ्रांस द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के लिए बातचीत भी करेंगे। मैक्रों २६ जनवरी को दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। वह अपने भारत दौरे के दौरान जयपुर में कुछ घंटे रुकेंगे। इससे पहले हवाई अड्डे पर राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मैक्रों का स्वागत किया। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के दौरे पर गए प्रधानमंत्री मोदी बाद में जयपुर पहुंचेंगे। मैक्रों–मोदी का रोड शो यहां जंतर–मंतर से शुरू होगा और हवा महल पर खत्म होगा। अधिकारियों द्वारा पहले उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार फ्रांसीसी राष्ट्रपति हवामहल इलाके में खरीदारी भी कर सकते हैं। ‘साहू चाय वाले नाम से दुकान चलाने वाले दुकानदार ने बताया कि दोनों नेता उनके यहां मसाला चाय पीने के लिए रुकेंगे। हालांकि इस बारे में आधिकारिक सूचना नहीं है। दुकानदार ने बताया कि उसे यूपीआई के जरिए डिजिटल भुगतान किया जाएगा। मैक्रों हवाई अड्डे से आमेर के किले पहुंचे। रास्ते में जगह जगह स्कूली बच्चों व आम लोगों ने काफिले का स्वागत किया। मैक्रों ने कई जगह हाथ हिलाकर बच्चों का अभिवादन किया। किले में भी वह वहां मौजूद लोगों से बातचीत करते व उनके साथ फोटो खिंचवाते नजर आए। किले में विदेश मंत्री एस जयशंकर तथा राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी भी मौजदू थी। यहां मैक्रों थोड़ी देर के लिये सांसेंतिक कार्यक्रम भी देखने के लिये रूके। मोदी व मौक्रों नेता जंतर मंतर से हवा महल तक रोड शो भी करेंगे और शाम को होटल रामबाग पैलेस में बैठक करने का कार्यक्रम है।

## पीएमजीएसवाई की सड़कें एफआईआर तकनीक पर ही बनाई जाये : केशव

लखनऊ(संवाददाता)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पीएमजीएसवाई प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की सड़कों को शत् प्रतिशत एफडीआर तकनीक पर ही बनाया जाय। उन्होंने कहा कि तैयारी की जाए कि भविष्य में पीएमजीएसवाई की सड़कों को ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ही बनाये,इस हेतु जो जरूरी औपचारिकताएं पूरी करनी हो शीघ्र पूरी की जांय। पीएमजीएसवाई की सड़कों की नियमित रूप चेकिंग के निर्देश दिए हैं।उन्होंने निर्देश दिए कि एफडीआर तकनीक से काम करने वाले कान्ट्रेक्टर्स की बैठक बुलाई जाय। पीएमजीएसवाई की सड़कों के निर्माण में देश में सबसे पहले उत्तर प्रदेश ने एफडीआर तकनीक का उपयोग किया है, उसमें भी ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ने सबसे पहले इस तकनीक को अपनाया है,, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की अगुवाई में सफलता को देखते हुए लोक निर्माण विभाग ने भी इसे अपनाया है और अन्य प्रान्तों में भी इस तकनीक को अपनाया गया है। अन्य प्रान्तों के इंन्जीनियर्स, विशेषज्ञ आदि यह तकनीक जानने व समझने के लिए उत्तर प्रदेश का दौरा कर चुके हैं और फील्ड विजिट कर निर्मित सड़के देखी है। इस तकनीक के इस्तेमाल से 15–20 प्रतिशत लागत में बचत हो रही है, और कार्बन उत्सर्जन में भी कमी होती हैं व सड़कें भी दो गुनी मजबूत बन रही है, ऐसा दावा किया गया है। इस तरह ग्रामीण अभियंत्रण विभाग , पीएमजीएसवाई की सड़कों के निर्माण में एफडीआर तकनीक अपनाने के मामले में रोल माडल बन गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि एफडीआर तकनीक अपनाने से जिस पैसे की बचत हो रही है, उससे सड़कों के सौन्दर्यीकरण आदि पर व्यय किया जा सकता है,जैसे कहीं पर सड़क किनारे जहां उचित हो राहगीरों, यात्रियों आदि के बैठने के लिए सीटें यूरेनल , जन्कशन इम्प्रूवमेंट , वृक्षारोपण, टी गार्ड आदिकार्य करा सकते हैं, इसके प्लान बनायें। एफडीआर तकनीक अपनाने वाले ठेकेदारों को बुलाया जाय और उनके साथ मीटिंग करायी जाय, उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य प्रान्तों के कान्ट्रेक्टर्स व विशेषज्ञों को भी बुलायें, विस्तार से चर्चा की जाए। एफडीआर तकनीक का फायदे का व्यापक सन्देश समाज में दिया जाय।उत्तर प्रदेश रूरल रोड डेवलपमेंट अथ रिटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुखलाल भारती ने बताया कि इस तकनीक का बढ़ावा दिये जाने के प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्य अभियंता यूपीआरआरडीए राज कुमार चौधरी ने बताया कि अभियान चलाकर पीएमजीएसवाई की सड़कों का निरीक्षण कराया गया है और जहां कहीं भी कमियां परिलक्षित हुयीं ,वहां पर सुधारात्मक कार्य कराये गये हैं।



# सम्पादकीय.........

## आलोचकों को आश्चर्य

क्या कांग्रेस नेता राहुल गांधी के फैसले विचारण के दायरे में आ रहे हैं? आलोचकों को आश्चर्य है कि क्या उन्होंने उन सहयोगियों को बढ़ावा दिया जिन्होंने अंततरू उन्हें और कांग्रेस को धोखा दिया। पूर्व मंत्री मिलिंद देवड़ा के हाल में पार्टी छोड़ जाने की घटना ने उनके आंतरिक दायरे को छोटा कर दिया है, और अब केवल कुछ करीबी सहयोगी ही बचे हैं जो वफादार बने हुए हैं। यह ध्यान देने योग्य बात है कि भाजपा ने कांग्रेस छोड़ने वाले कई सहयोगियों का स्वागत किया है और कुछ को पार्टी से अलग होने के लिए प्रोत्साहित भी किया है। हाल ही में राहुल गांधी के दोस्त अन्य राजनीतिक दलों में क्यों शामिल हुए हैं? इसका सीधा सा उत्तर यह है कि उनका कांग्रेस और उसके नेताओं से मोहभंग हो गया था। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि किसी भी नेता की सफलता के लिए बुद्धिमान सलाहकार महत्वपूर्ण होते हैं। राजीव और राहुल के राजनीतिक और व्यक्तिगत अनुभव समान थे और दोनों ने अपने राजनीतिक कॅरियर की शुरुआत ऊंचे स्तर पर की थी। हालांकि, राजीव की राजनीतिक शिक्षा राजनीति करते हुए ही हुई। राजनीति में प्रवेश करने के चार साल बाद, अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण राजीव प्रधानमंत्री बन गये। सत्ता से बाहर रहने के दौरान राजीव ने अपना राजनीतिक पाठ अच्छे से सीखा। राहुल अभी भी सीख रहे हैं। १९८६ में राजीव गांधी को उनके राजनीतिक विरोधियों ने नकारात्मक प्रचार के माध्यम से निशाना बनाया, जिससे उनका राजनीतिक पतन हो गया। उनकी टीम के सदस्य अरुण नेहरू, अरुण सिंह, वी.पी. सिंह और अमिताभ बच्चन सहित कई ने राजीव की टीम छोड़ दी। राजीव के भरोसेमंद दोस्त दून स्कूल से थे, जिन्हें सामूहिक रूप से डोस्को टीम के नाम से जाना जाता था। राहुल की छवि निर्माताओं की टीम ने उन्हें एक सक्षम नेता के रूप में प्रस्तुत करने में बहुत प्रयास किया। उन्हें धर्म, जाति और अर्थव्यवस्था से संबंधित मुद्दों को संबोधित करने और भारत को प्रगति की दिशा में एक साथ लाने के लिए रचनात्मक समाधान का श्रेय दिया जाता है। हालांकि, भाजपा ने उन्हें एक अयोग्य और ऐसे नेता के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया, जिनके पास दूरदर्शिता का अभाव है और जो देश को समृद्धि की ओर नहीं ले जा सकते। इस नकारात्मक धारणा को पुष्ट करने के लिए वे अक्सर उन्हें श्पप्पूश् कहते थे। लगातार चुनावी हार से निराश होकर, राहुल के अधिकांश अंदरूनी लोग हरियाली वाले रास्ते तलाश रहे थे। वे प्रभावशाली राजनीतिक राजवंशों से संबंधित थे और महत्वाकांक्षी थे। वे पुराने गार्ड से कार्यभार संभालने की जल्दी में थे। सत्ता का आनंद लेने के बाद उनकी चुनी हुई अधिकांश टीम चली गई। उदाहरण के लिए, राहुल गांधी के करीबी दोस्त ज्योतिरादित्य सिंधिया उस समय निराश हो गये जब २०१८ विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस नेतृत्व ने उन्हें मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री नियुक्त नहीं किया। परिणामस्वरूप, उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार को गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे अंततरू दो साल बाद सन् २०२० में भाजपा सरकार की स्थापना हुई। सिंधिया को उनके समर्थन के लिए केंद्र में मंत्री पद की पेशकश की गई थी। हाल ही में जितिन प्रसाद उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में शामिल हुए हैं। वहीं, कपिल सिब्बल, अल्पेश ठाकुर और आरपीएन सिंह सभी अलग–अलग पार्टियों में चले गये हैं। इसके अलावा गुलाम नबी आजाद ने राहुल गांधी के नेतृत्व से असंतुष्ट होकर कांग्रेस से अपना रिश्ता खत्म कर लिया है। कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने पंजाब में कांग्रेस पार्टी छोड़ दी और एक नयी राजनीतिक पार्टी की स्थापना की। कांग्रेस के एक और बड़े नेता सुनील जाखड़ भी चले गये हैं। २०१६ के आम चुनावों के बाद जब पार्टी हार गई तो तेईस नेताओं ने कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व को चुनौती दी। राहुल के कुछ करीबियों के जाने से असंतोष बढ़ रहा है। राहुल ने पहले उन्हें मनमोहन सिंह सरकार में मंत्री के रूप में पदोन्नत किया था। बाद में उन्होंने उन्हें पार्टी में उच्च पद दिये। कुछ ने कांग्रेस कार्य समिति में भी पद संभाला, जिसके लिए आमतौर पर वर्षों के समर्पण की आवश्यकता होती है।२०१४ और २०१६ के चुनावों में कांग्रेस ने सत्ता खो दी, और आकलन किया जा रहा है कि पार्टी आगामी २०२४ के चुनावों में अधिकतम १०० सीटें ही सुरक्षित कर पायेगी। अपने भविष्य के डर से, वे सत्ता में रहे बिना अगले पांच साल बिताने का जोखिम नहीं उठा सकते। राहुल के अंदरूनी घेरे ने दूसरे विकल्प तलाशने शुरू कर दिये हैं। भाजपा की ओर से लुभावने अ फर मिलने से वे निराश नहीं हुए। पिछले २० सालों में राहुल का एक राजनेता के रूप में और भी शानदार प्रगति हो सकती थी। उन्हें बिना मांगे शक्तिशाली पद सौंपे गये हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे महज एक प्रमुख व्यक्ति हैं और उनकी मां सोनिया गांधी पीछे की सीट पर हैं, ऐसे में राहुल के पास कांग्रेस के भीतर महत्वपूर्ण पदों पर महत्वपूर्ण कर्मियों की नियुक्ति पर पूरा नियंत्रण है। २०२४ का चुनाव जीतने के लिए राहुल गांधी को अपनी रणनीति की समीक्षा करने, काम करने के लिए सही लोगों का चयन करने और प्रत्येक राज्य में मजबूत नेता बनाने की जरूरत है। उनकी चल रही भारत न्याय यात्रा मतदाताओं से जुड़ने का एक प्रभावी तरीका है, जैसा कि उनकी पिछली भारत जोड़ो यात्रा ने किया था। सबसे अहम है वोटरों को पोलिंग बूथ तक लाना। राहुल को पिछले अनुभवों से सीखना चाहिए, तुरंत आवश्यक बदलाव करने चाहिए, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और गठबंधन सहयोगियों का विश्वास अर्जित करना चाहिए और सबसे बढ़कर, भाजपा के मुकाबले एक नया आकर्षक राजनीतिक आख्यान ढूंढना चाहिए।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नवमतदाताओ से रूबरू हुए पीएम

# आपका वोट तय करेगा भारत की दिशा : मोदी

लखनऊ(संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी ने बताया कि आज पूरे उत्तर प्रदेश में ८०० स्थानों पर एलईडी एवं प्रोजेक्टर के माध्यम ६ लाख नमो नव मतदाता उत्तर प्रदेश से जुडे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के



उद्‌बोधन को सुना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज नवमतदाता को नमन करने का कार्यक्रम है। आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस है। आप सभी को बहुत–बहुत बधाई देता हूं। मेरे जीवन में इतने सारे नव मतदाता युवाओं के साथ संवाद करने का पहला अवसर है और शायद दुनिया के किसी भी राजनेता के लिए भी ये पहला अवसर है।उन्होंने कहा कि आप सभी को एक जिम्मेदारी साथ–साथ निभानी है। आपकी उम्र में किसी भी नई शुरुआत के लिए एक्साइटमेंट होती है। वोटर लिस्ट में नाम रजिस्टर होते ही आप लोकतंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गये हैं। १८ से २५ वर्ष की आयु ऐसी होती है, जब किसी का भी जीवन, बहुत से बदलावों का साक्षी बनता है। इन्हीं बदलावों के बीच, आप सभी को एक और जिम्मेदारी साथ–साथ निभानी है। ये जिम्मेदारी दुनिया की सबसे बड़ी डिम क्रेसी में भागीदारी की है। अगले २५ साल आप और भारत दोनों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। अगले २५ साल अपना और भारत दोनों का भविष्य तय करना है। आप सभी के लिए ये टाइम पीरियड यानि ये कालखंड दो वजहों से बहुत अहम है। एक, आप सभी ऐसे समय में वोटर बने हैं, जब भारत का अमृतकाल शुरू हुआ है। और दूसरा, कल २६ जनवरी को देश अपना ७५वां गणतंत्र दिवस मनाएगा।आज जब देश २०४७ तक विकसित भारत बनने के लक्ष्य पर काम कर रहा है तो आपका वोट ये तय करेगा कि भारत की दिशा क्या होगी। जिस तरह १९४७ से २५ साल पहले भारत के नौजवानों पर देश को स्वतंत्र कराने का दारोमदार था, उसी तरह २०४७ के पहले के इन २५ सालों में आप पर विकसित भारत के निर्माण की जिम्मेदारी है। आपका एक वोट और देश के विकास की दिशा दोनों आपस में जुड़े हुए हैं। आपका एक वोट भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएगा। आपका एक वोट भारत में एक स्थिर और बड़े बहुमत वाली सरकार लाएगा। आपका एक वोट भारत में तेज रिफार्म की गति को और गति देगा। भारत में डिजिटल क्रांति को और ऊर्जा देगा। एक वोट, भारत को अपने दम पर अंतरिक्ष में पहुंचाएगा। आपका एक वोट अंतरिक्ष में भारत का पहला स्पेस स्टेशन स्थापित करवाएगा। एक वोट भारत में पहला पैसेंजर एयरक्राफ्ट बनवाएगा। आपका एक वोट दुनिया में भारत की साख और बढ़ाएगा।पीएम ने कहा कि पहले आए दिन भ्रष्टाचार और घोटाले की खबरें हेडलाइन बनती थी। करोड़ों रुपए के घोटाले सामान्य बात थी। हमें संतोष है कि हम उस अंधकारमय स्थिति से देश को बाहर निकाल पाए। आज करप्शन की नहीं क्रेडिबिलिटी की बात होती है। आज स्कैम की नहीं सक्सेस स्टोरी की बात होती है। आज का भारत, सबसे युवा है। इसी युवा प्रेरणा से आज का भारत बड़े लक्ष्य तय करता है और उन्हें प्राप्त भी करता है। आज भारत का नौजवान, देश के समक्ष मौजूद चुनौतियों को अच्छी तरह समझ रहा है। वो भ्रष्टाचार के खिलाफ है, परिवारवाद केखिलाफ है। स्थिर सरकार होती है तो देश बड़े फैसले लेता है, दशकों से लटकी हुई समस्याओं को सुलझाकर आगे बढ़ता है। हमारी पूर्ण बहुमत की सरकार ने जम्मू–कश्मीर में अनुच्छेद ३७० हटाकर दशकों का इंतजार खत्म किया। हमारी पूर्ण बहुमत की सरकार ने सेना के जवानों के लिए वन रैंक, वन पेंशन लागू कर देश के पूर्व फौजियों का चार दशक का इंतजार समाप्त किया। हमारी पूर्ण बहुमत की सरकार है जिसने नारी शक्ति वंदन अधिनियम बनाकर देश की महिलाओं का वर्षों पुराना इंतजार खत्म किया। ये हमारी सरकार है जिसने तीन तलाक कानून बनाकर मुस्लिम बहन–बेटियों में इंसाफ की उम्मीद बढ़ाई। ये हमारी सरकार है जिसने तीन दशकों के इंतजार के बाद नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की। ये हमारी सरकार है जिसने एससी, एसटी, ओबीसी का हित सुरक्षित रखते हुए भी गरीब युवाओं के लिए प्रतिशत आरक्षण का प्राक्धान किया। ये हमारी सरकार है जिसको अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी होने का अवसर मिला। नमो नव मतदाता अभियान प्रभारी, मोर्चा के प्रदेश महामंत्री वरुण गोयल ने यह बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रदेश में म निटरिंग टीम बनायी गयी थी।

# यात्रा में बीजेपी के लोग कर रहे साजिश : अजय राय

लखनऊ(संवाददाता)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के खिलाफ भाजपा के कार्यकर्ता साजिश रच रहे हैं। इस साजिश में बीजेपी के लोग शामिल हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के खिलाफ भाजपा के कार्यकर्ता साजिश रच रहे हैं। असम में जिस तरीके से हमारे नेता राहुल गांधी की यात्रा को समर्थन मिला इसको देखकर बीजेपी की कार्यकर्ता और नेता घबरा गए हैं और वह षड्यंत्र करने पर उतर आए हैं। अजय राय ने कहा कि भाजपा सरकार बुरी तरीके से यात्रा से घबराई है। इसलिए जगह–जगह पर यात्रा को रोका जा रहा है। लखनऊ में कार्यालय में अजय राय ने कहा उत्तर प्रदेश में जिस तरीके से इंडिया गठबंधन की तैयारी हैं। उसे हम लोकसभा २०२४ के चुनाव को मजबूती से लड़ेंगे और बीजेपी के सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। उत्तर प्रदेश में सीट बंटवारे को लेकर सब कुछ ठीक–ठाक है। जल्दी केंद्रीय नेतृत्व



और इंडिया गठबंधन के दलों के साथ बैठक कर सीट बंटवारों पर फैसला कर लेगा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में ११ दिनों तक भारत जोड़ो नया यात्रा रहेगी। यात्रा को लेकर बैठकर की जा चुकी हैं और संभावित जिले के सभी पदाधिकारी के समेत प्रदेशों केंद्र के पदाधिकारी की टीम को लगाया गया है। कार्यकर्ता पूरी तरीके से यात्रा में शामिल होने के लिए उत्सुक हैं और वह यात्रा को लेकर बहुत ही ज्यादा उत्साहित भी है। अजय राय ने कहा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी लगातार कोई ना कोई कार्यक्रम और बीजेपी की नाकामियों को बताने के लिए तैयार है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि २०२४ लोकसभा का चुनाव लोकतंत्र को बचाने के लिए हो रहा है अगर बीजेपी की षड्यंत्रकारी सरकार तीसरी बार सरकार बनाएगी। देश से संविधान और लोकतंत्र खतरे में आ जाएगा अजय राय ने यहां भी कहा जिस तरीके से बनारस में गुजराती कारोबारी का कब्जा है। उन्होंने आकर पूरे गुजरात में कब्जा कर रखा है, उसका परिणाम है। बीएचयू में जिस तरीके से बीजेपी आईटी सेल के कार्यकर्ताओं ने छात्रा के साथ दुस्साहिक घटना की उस पर भाजपा के लोग चुप बैठे हुए हैं।

# बिहार में अभी खेल होना बाकी है , तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार पर तोड़ी चुप्पीं

गोरखपुर। बिहार में आज महागठबंधन सरकार कभी भी गिर सकती है। आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव के आवास पर विधायकों की बैठकों का दौर लगातार



जारी है। वहीं जेडीयू और भाजपा नेताओं के बीच हलचल तेज हो गई है। इस बीच सबकी नजर जीतन राम मांझी पर है। बताया जा रहा है कि आरजेडी उनके बेटे को डिप्टी सीएम का पद दे सकती है।

बिहार की सियासत के लिए आज बेहद अहम दिन रहने वाला है। सूत्रों के हवाले से खबर आ रही है कि आज बिहार में महागठबंधन सरकार कभी भी गिर सकती है। बस मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के घोषणा का इंतजार है। बता दें कि इससे पहले कल नीतीश कुमार राजभवन पहुंचे थे, लेकिन उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव नहीं पहुंचे थे। जिसके बाद अटकलों को और बल मिल गया। वहीं २६ जनवरी के एक कार्यक्रम में नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव के बीच दूरी भी देखी गई। एक तस्वीर वायरल हुई थी जिसमें दोनों को एक दूसरे से ५ फीट की दूरी पर खड़ा देखा गया।

बिहार में अभी खेल होना बाकी हैरू तेजस्वी यादव

बिहार के पटना में राजद की बैठक के दौरान उपमुख्यमंत्री और पार्टी नेता तेजस्वी यादव ने पार्टी नेताओं से कहा कि सीएम नीतीश कुमार आदरणीय थे और हैं। कई चीजें उनके (नीतीश कुमार) नियंत्रण में नहीं हैं।महागठबंधन में राजद के सहयोगी दलों ने हमेशा मुख्यमंत्री का सम्मान किया। मुख्यमंत्री मेरे साथ मंच पर बैठते थे और पूछते थे कि २००५ से पहले बिहार में क्या था? मैंने कभी प्रतिक्रिया नहीं दी। अब, अधिक लोग हमारे साथ हैं। जो काम दो दशकों में नहीं हुआ, वह हमने कम समय में कर दिखाया, चाहे वह नौकरी हो, जाति जनगणना हो, आरक्षण बढ़ाना आदि हो। बिहार में अभी खेल होना बाकी है।

इंडी गठबंधन पर शशि थरूर ने दिया जवाब

इंडी गठबंधन पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि इस पूरे गठबंधन और सीट–बंटवारे पर राज्य–दर–राज्य आधार पर चर्चा की जा रही है। किसी के पास भी सभी के लिए एक जैसा समाधान नहीं होने वाला है। प्रत्येक राज्य में, कहानी अलग होने वाली है। मुझे लगता है कि हम सभी केंद्र सरकार को बदलने की अनिवार्य आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और यही अंतिम उद्देश्य है। विपक्ष संसद सत्र में भाग लेने की योजना बना रहा है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की एनडीए में वापसी की अटकलों के बीच बीजेपी नेता शहनवाज हुसैन दिल्ली से पटना के लिए रवाना हो गए हैं। उसी फ्लाइट में पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद भी हैं। बीजेपी के राजीव प्रताप रूडी फ्लाइट के कैप्टन हैं।

# जनता को सुरक्षा देने में विफल भाजपा सरकार : अखिलेश यादव

लखनऊ(संवाददाता)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने



गुरुवार को कहा कि भाजपा सरकार जनता को सुरक्षा नहीं दे पा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जंगलराज है। कानून व्यवस्था पर भाजपा सरकार का जीरो ट लरेंस का दावा जीरो हो चुका है। महिलाओं, बच्चियों के साथ अपराध लगातार बढ़ता जा रहा है। सरकारों की जिम्मेदारी है कि वह संविधान के अनुसार कानून व्यवस्था का पालन करें, लोगों को सुरक्षा दें तथा लोककल्याणकारी राज्य की अवधारणा को कार्यान्वित करे मगर भाजपा सरकार अहंकार में डूबी है उसे लोगों की जिंदगी की परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में सत्ता संरक्षित दबंग खुलेआम गुण्डई कर रहे हैं और कानून व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं। कानपुर देहात के मंगलपुर कंचौसी चौकी इंचार्ज की दबंगों ने चौकी में घुसकर पिटाई कर दी। यही नहीं उन्होंने पुलिस वालों को कानपुर के बिकरू काण्ड दोहराने की भी धमकी दे डाली। पिछले दिनों मेरठ में कार चुराकर भाग रहे बदमाशो ने सब इंस्पेक्टर को गोली मार दी। वहीं आगरा में पुलिस कर्मियों ने जबर्दस्ती एक व्यवसायी के प्लाट पर कब्जा कर लिया। सपा अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश में अपराध नियंत्रण का दावा सत्य से परे हैं जबकि एनसीआरबी के आंकड़े बताते है कि देश में सबसे ज्यादा अपराध उत्तर प्रदेश में हो रहे है। लोगों में भय और दहशत रहता है। भाजपा सरकार को लोगों की चिंता नहीं है वह सिर्फ वोट चाहती है। भाजपा सत्ता लोलुप है।

## जलसंस्थान ने अभियान चलाकर वसूले 1.65 लाख

उरई/जालौन(जिला संवाददाता)। जल संस्थान ने शहर में वसूली अभियान चलाया। बकाया बिल के साथ नोटिस भी थमाए। बड़े बकायेदारों के कनेक्शन भी काटे गए। शहर के लहारियापुरवा, पटेलनगर में जलसंस्थान के अधिशासी अभियंता विकास चौहान और जेई श्याम बहादुर ने बकायेदारों से कर वसूलने के लिए अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि १० बकायेदारों ने बिल जमा करने से मना किया तो उनके कनेक्शन भी काटे गए। १०० से अधिक घरों पर अधिकारियों ने दस्तक दी। इसमें ८० लोगों को बिल दिए गए। अधिशासी अभियंता ने बताया कि वसूली के लिए अभियान लगातार चल रहा है। एक मार्च से पहले फिर से आरसी जारी की जाएगी। वसूली अभियान में १.६५ लाख की वसूली की गई।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पोस्टर, रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता

आगरा(जिला संवाददाता)। २५ जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आगरा के सेंट ज न्स क लेज में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए मतदाता कैंप का आयोजन किया गया। सैकड़ों छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें पोस्टर, मेहंदी, रंगोली और पतंग प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। जिलाधिकारी भानु चंद गोस्वामी ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त का मैसेज भी लोगों को सुनाया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सेंट ज न्स क लेज में लगाए गए कैंप में नए मतदाताओं को पहचान पत्र का वितरण किया गया। और लोगों को बताया गया कि वह मतदान की श्रेणी में आते ही किस तरह से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। जिलाधिकारी की उपस्थिति में प्रांगण में मौजूद लोगों को मतदान शपथ भी दिलाई गई। सेंट ज न्स क लेज में लगे कैंप में आगरा के तमाम विद्यालयों की छात्र–छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता में मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए तरह–तरह की पेंटिंग बनाई गई। और रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। रंगोली के माध्यम से लोगों को बताया गया कि किस तरह से हम एक सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं। कैंप में तमाम छात्राओं द्वारा मेंहदी प्रतियोगिता के माध्यम से भी लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

# केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केरल के राज्यपाल की बढ़ाई सुरक्षा, आरिफ मोहम्मद खान को मिलेगी सिक्योरिटी

दरअसल आज केरल के कोल्लम जिले में एसएफआई के काले झंडे के विरोध का सामना कर रहे खान अपनी कार से उतरे आंदोलनकारी वामपंथी छात्र विंग के सदस्यों से भिड़ गए और जिले में हुए प्रदर्शन के बाद यह फैसला हुआ है। यहां पर एसएफआई के काले झंडे के विरोध का सामना कर रहे खान अपनी कार से उतरे, आंदोलनकारी वामपंथी छात्र विंग के सदस्यों से भिड़



सड़क के किनारे बैठ कर मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर हमला बोला। राजभवन ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को ़ सुरक्षा कवर बढ़ा दिया है।

राजभवन ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को ़ सुरक्षा कवर बढ़ा दिया है। दरअसल, कोल्लम में हुए प्रदर्शन के बाद इस कदम को उठाने का फैसला लिया गया है।

राजभवन और राज्यपाल की सुरक्षा बढ़ी

राज्यपाल के कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफ र्म श्एक्सश् पर एक पोस्ट में कहा, ष्ब्त्च् कर्मियों का ़ सुरक्षा कवर खान और राजभवन तक बढ़ा दिया गया है।ष् पोस्ट में कहा गया, ष्केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केरल राजभवन को सूचित किया है कि ब्त्च् का ़ सुरक्षा कवर माननीय राज्यपाल और केरल राजभवन तक बढ़ाया जा रहा है।ष्

सड़क पर कुर्सी लेकर बैठ गए थे राज्यपाल

दरअसल, आज केरल के कोल्लम गए और सड़क के किनारे बैठ कर मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर हमला बोला।

शिकायत दर्ज होने के बाद लौटे राज्यपाल

गुस्से में दिख रहे खान ने सीएम विजयन पर राज्य में अराजकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। दो घंटे से अधिक समय तक वहां बैठने के बाद, खान वहां से तभी निकले, जब पुलिस ने उन्हें कानून के गैर–जमानती प्रावधानों के तहत १७ एसएफआई कार्यकर्ताओं के खिलाफ दर्ज एफआईआर की एक प्रति दिखाई।

कई बार हुआ आमना–सामना

सत्तारूढ़ सीपीआई (एम) की छात्र शाखा स्टूडेंट फेडरेशन अ फ इंडिया के कई कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के खिलाफ काले झंडे दिखाकर विरोध प्रदर्शन किया, जब वह एक समारोह के लिए पास के कोट्टाराक्कारा जा रहे थे। मालूम हो कि खान और वामपंथी सरकार कई मुद्दों पर आमने–सामने हैं। इसमें मुख्य रूप से राज्य में विश्वविद्यालयों के कामकाज और विधानसभा द्वारा पारित कुछ विधेयकों पर उनके हस्ताक्षर न करने को लेकर भी भड़ास है।

## गणतंत्र दिवस पर १० पुलिसकर्मी हुए सम्मानित, एडीजी को राष्ट्रपति पदकय एसएसपी को दिया गया डीजीपी प्रशंसा चिह्न

एडीजी डा . केएस प्रताप कुमार को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक ग्रोवर को डीजीपी का प्रशंसा चिह्न प्लेटिनम तथा अन्य पुलिस कर्मियों को सराहनीय



मिला है तो एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर को डीजीपी का प्रशंसा चिह्न प्लेटिनम तथा अन्य पुलिस कर्मियों को सराहनीय सेवा सम्मान चिह्न से सम्मानित किया गया है । डायल ११२ में तैनात उप निरीक्षक शिवमंगल सिंह को प्रशंसा चिह्न सिल्वर से सम्मानित किया है ।

७५वें गणतंत्र दिवस पर गोरखपुर जोन के एडीजी, गोरखपुर एसएसपी सहित १० पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। एडीजी डा. केएस प्रताप कुमार को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक मिला है तो एसएसपी डा. गौरव सेवा सम्मान चिह्न से सम्मानित किया गया है।गोरखपुर एलआइयू में तैनात उप निरीक्षक सुरेन्द्र नाथ राय को सराहनीय सेवा सम्मान चिह्न, डायल ११२ में तैनात उप निरीक्षक शिवमंगल सिंह को प्रशंसा चिह्न सिल्वर से सम्मानित किया है। इसके अलावा देवरिया से उप निरीक्षक संतराज, मुख्य आरक्षी ओमप्रकाश, श्रीं ष्णराम, मल्लू प्रसाद, महराजगंज से बीरबल चौहान को सराहनीय सेवा सम्मान चिह्न और कुशीनगर से निरीक्षक अमित शर्मा को सराहनीय सेवा सम्मान चिह्न (शौर्य) से सम्मानित किया गया है।

# As long as were happy Travis Kelce reveals he and Taylor Swift don't listen to ^outside noise

The Chiefs tight end reveals how he and his partner Taylor Swift manage



their relationship amid eÛcessive media coverage

Taylor Swift and Travis Kelce's whirlwind romance took the internet by storm last year- Since their first public outing together the duo has been one of the most talked-about couples- In a recent interview Kelce opened up on how he and Swift manage eÛcessive media coverage- The Kansas City Chiefs star revealed ahead of the AFC championship against the Baltimore Ravens that the only thing Þthat mattersß is his and Swift's Þhappiness-ß

Travis Kelce opens up on his very public relationship with Taylor Swift Kelce who is preparing for the Chiefs vs- Ravens game on Sunday began by saying ÞThe biggest thing is making sure my focus is right here in this building-ß He continued ÞYou hear the media throughout the year if we're not having success maybe throw it out there that I wasn't focused or the team isn't focused on certain things-ß ÞIf you're in this building you know eÛactly what's going onß Kelce added- The 34-year-old NFL star eÛplained ÞSo you've got to compartmentalize what you're hearing and make sure that you're staying on task and giving everybody in the building and on that team the right perception when you walk inß per Page SiÛ- ÞThe only thing we've talked about is as long as we're happy we can't listen to anything that's outside noise- That's all that mattersß he added-

Kelce and the Cruel Summer hitmaker's relationship has urged many to question the duo's dedication to their respective careers- During the Time Magazine interview last year Swift eÛplained how she doesn't care about what people have to say about her relationship with Kelce- ÞWhen you say a relationship is public that means Im going to see him do what he loves were showing up for each other other people are there and we dont careß she said- This week the internet was shocked by the emergence of fake A-I- NSFW pictures and porn featuring Taylor Swift but one X (formerly Twitter) user who shared these images learned the hard way that you dont mess with Swift fans Swifties- The actual starting point of the trend of creating and distributing non-consensual pornographic A-I- photos of Swift is unknown but one X user Zvbear was among those who posted these images earning the wrath of Taylor fans (and maybe the law)-

# Keanu Reeves spotted strolling with crutches and an ice pack on his knee

The actor was observed limping while on a break from filming his upcoming movie Good Fortune-

and Keke Palmer- While the comedy film's plot is currently undisclosed it was announced in April 2023-




